# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल

# फ़ूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग

# सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

फ़ूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग एवं "आरोग्यम" फ्लैगशिप प्रोग्राम के संयुक्त तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर पर जवाहरलाल नेहरु कैंसर हॉस्पिटल भोपाल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के संचालक डॉ.प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने आमंत्रित वक्ता डॉ. विधि गुप्ता (रेडिएशन ओंकोलोजिस्ट) व उनकी एग्जीक्यूटिव टीम का स्वागत किया। फ़ूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा कहोल ने बताया कि इस कार्यक्रम से संस्थान के छात्राएं विशेष रूप से लाभान्वित हुई हैं एवं इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से महिलाओं का निश्चित रूप से सशक्तिकरण संभव हो सकेगा क्यूंकि स्वास्थ्य ही वास्तविक धन है । उन्होंने संचालक महोदय को संस्थान में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाने हेतु मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में फ़ूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल विभाग एवं आरोग्यम प्रभारी प्राध्यापक श्रीमती चंद्रकांता मौर्य तथा डॉ. रुचिरा चौधरी, डॉ.रंजना वर्मा, डॉ.प्राची चतुर्वेदी ने इस कार्यक्रम में विशेष योगदान देकर व्याख्यान को बहुत इंटरैक्टिव बनाया एवं संस्थान के रसायन शास्त्र के प्राध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सर्वाइकल कैंसर से सम्बंधित शंकाओं के उत्तर प्राप्त किये। कार्यक्रम का संचालन क्लिनिकल न्यूट्रीशन एंड डायटेटिक्स की छात्राओं कु.समीहा खान और कृतिका भट्ट द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन कु. अलीना मौली द्वारा किया गया।